तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 जिला मुख्यालय, कोयला क्षेत्र में कांग्रेस का प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### खिलाड़ियों का चयन ट्रायल बंजी में 30 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। कार्यालय कलेक्टर (खेल एवं युवा कल्याण), जिला एमसीबी द्वारा संचालित खेलो इंडिया लघु केंद्र बंजी कबड्डी चयन ट्रायल सत्र 2026-27 का आयोजन 30 जुलाई 2026 को प्रातः 8:00 बजे खेलो इंडिया लघु केंद्र बंजी में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण केंद्र शासन एवं राज्य शासन के संयुक्त प्रयासों से संचालित किया जा रहा है। चयन ट्रायल में जिले के 12 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

### चेर में अवैध शराब बेच रहा आरोपी गया जेल

**बैकुण्ठपुर।** जिले मे अवैध शराब निर्माण विक्रय और परिवहन पर लगातार सख्ती से रोकथाम किया जा रहा है। कंट्रोल रूम मे बैकुंठपुर चेर में शराब बनाकर बेचने की सूचना मिलने पर आबकारी अधिकारी ने त्वरित पहुचकर छापामार कार्रवाई की मौके पर गवाहों के साथ कृष्ण पॉल के घर की तलाशी ली गई, जिसमे जरोकेन और बोतल मे भरी हुई 6 लीटर शराब मिली, साथ ही और शराब बनाने के लिए तैयार किया हुआ 15 किलो महुआ लाहन भी बरामद हुआ। आरोपी कृष्ण पिता लालमन गड़ेरिया, आयु 28 वर्ष पता चेर बैकुंठपुर के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी ऐक्ट की धारा 34/2,59 के अनुसार गिरफ्तार कर जिला न्यायालय प्रस्तुत किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को 14 दिनों के अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### जनकपुर में कांग्रेस ने किया अनोखा प्रदर्शन, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# विरोध प्रदर्शनः बदहाल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड परिसर में धान रोपाई



बदहाल अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड।



परिसर में धान रोपते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के नगर पंचायत जनकपुर के अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में व्याप्त भारी जलभराव, कीचड़ और बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने बस स्टैंड परिसर में धान की रोपाई कर नगर पंचायत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तत्काल सफाई एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कहा कि जनकपुर का बस स्टैंड छत्तीसगढ़ के साथ-साथ मध्यप्रदेश के सिंगरौली, सीधी और शहडोल जैसे जिलों को जोड़ने वाला प्रमुख अंतरराज्यीय बस अड्डा है। इसके बावजूद यहां इतनी अधिक कीचड़ और जलभराव है कि बस से उतरते ही यात्री फिसलकर गिरने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि बस स्टैंड की व्यवस्था बेहतर होगी, क्योंकि नगर पंचायत के ⏭ शेष पेज 4 पर

## चिरमिरी वन परिक्षेत्र में भालू का मिला शव

**डोमनहिल/कोरिया कॉलरी।** वन परिक्षेत्र के गेल्हापानी मार्ग पर वन विभाग जांच में जुटी एमसीबी जिले के चिरमिरी वन परिक्षेत्र में एक भालू का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। यह शव डोमिनहिल से गेल्हापानी जाने वाले मार्ग पर स्थित एफडीए प्लांटेशन के समीप सड़क किनारे मृत अवस्था में पाया गया।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, डोमिनहिल-गेल्हापानी मार्ग पर



मृत भालू।

एफडीए प्लांटेशन के पास सड़क किनारे भालू मृत पड़ा हुआ था। राहगीरों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। वन विभाग ने भालू के शव का पंचनामा कर अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। चिरमिरी वन परिक्षेत्र के रेंजर ने बताया कि भालू की मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। वन विभाग ने इस पूरे मामले की ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त तक

**बैकुण्ठपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर काउंसलिंग हेतु छात्र- छात्राओं की सूचि अपलोड कर दी गई है। आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर 3 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से काउन्टर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र के साथ 5 अगस्त 2026 तक काउंसलिंग में भाग ले सकते है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |

1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ....................पोस्ट ....................तहसील ....................
थाना ....................जिला.................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)







# कैरेक्टर एक्टर्स को मिलती है छोटी वैनिटी वैन : सुधीर

**मुंबई।** एक्टर सुधीर पांडे को अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' जैसी फिल्में की हैं। हाल ही में एक्टर ने उन एक्टर्स के बारे में बात की जो काफिले लेकर चलते हैं। उन्होंने ऐसे एक्टर्स पर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि वो प्रोड्यूसर्स का पैसा बर्बाद करते हैं। साथ ही सुधीर ने कैरेक्टर्स एक्टर्स को लेकर भी रिएक्ट किया है। सुधीर पांडे ने बताया कि कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैन मिलती है। उन्होंने कहा, 'हमारे जैसे कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैनिटी वैन मिलती है। अक्सर हमें छोटी वैनिटी वैन दी जाती है। जो एक्टर पूरे काफिले के साथ आते हैं वो फेक लगते हैं। वो पैसे की बर्बादी है।

## लाइफ Style



# काजल

## रामायण इंडिया की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही

काजल अग्रवाल ने फिल्म 'रामायण' को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने दावा किया कि ये भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। उन्होंने अपने किरदार पर भी बात की। नितेश तिवारी की मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। राम के किरदार में उन्हें देखने के लिए दर्शक बेताक हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल मंदोदरी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में काजल ने दावा किया कि 'रामायण' अपने विजन और बड़े पैमाने की वजह से भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। काजल अग्रवाल ने कहा, 'ये फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे लगता है कि जब 'रामायण' ग्लोबल स्टेज पर रिलीज होगी, तो हर भारतीय के लिए ये गर्व का पल होगा। हमारे हीरो भी आखिरकार उसी लेवल पर नजर आएंगे, जैसे मार्वल के सुपरहीरोज या हैरी पॉटर यूनिवर्स के किरदार दिखाई देते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या 'रामायण' भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है, तो उन्होंने कहा, '100 पर्सेंट. इसका बजट, इसकी टेक्निकल क्वालिटी और मेकर्स का विजन बहुत बड़ा है। ये एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें पैन इंडिया स्टारकास्ट है और इसे ग्लोबल स्क्रीन के लिए बनाया गया है।' काजल अग्रवाल ने आगे ये भी बताया कि वो इन दिनों मंदोदरी के किरदार के लिए किताबें पढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय मंदोदरी का किरदार निभा रही हूं, इसलिए उनके बारे में किताबें पढ़ रही हूं। मेरे लिए ये किरदार बेहद दिलचस्प है।'

## हॉलीवुड मसाला



# दिव्यांग बच्ची की भूमिका में आई थीं नजर

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री केली हॉटल का निधन हो गया है। एक सड़क दुर्घटना में केली की जान गई। वे 18 साल की थीं। अभिनेत्री ने साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' और साल 2024 में रिलीज हुई इसकी अगली कड़ी 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग- द न्यू एम्पायर' में अभिनय किया था। फिल्म में उन्हें 'जिया' नाम की एक दिव्यांग बच्ची भूमिका में देखा गया। फिर साल 2024 में केली 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में भी इसी भूमिका में नजर आई थीं।




# भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही द ओडिसी...

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में खूब रौनक है। क्रिस्टोफर नोलन की हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही है। 17 जुलाई को रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारत में शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को भारत में खूब प्यार मिल रहा है। मंडे टेस्ट में इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, मंगलवार को पांचवें दिन कलेक्शन में और इजाफा देखा गया। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 17.40 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे दिन 22 करोड़ रुपए और तीसरे दिन रविवार को 21.90 करोड़ की कमाई की। सोमवार को चौथे दिन फिल्म का कारोबार आठ करोड़ रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपए कमाए। पांच दिनों में 'द ओडिसी' का इंडिया नेट कलेक्शन 77.65 करोड़ रुपए हो गया है।



# अशनीर की बायोपिक से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले हमने आपको जानकारी दी थी कि एंटरप्रेन्योर और भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर (पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। ऐसी खबर आई थी कि आमिर खान इसका हिस्सा होंगे। हालांकि, अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके हिसाब से एक्टर ने खुद को इससे अलग कर लिया है। क्रिएटिव डिफरेंस इसकी वजह बताई जा रही है। राहुल मोदी इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं और ये उनकी एक डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू फिल्म भी होगी। श्रद्धा कपूर जोकि राहुल को डेट कर रही हैं इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर अब इस फिल्म से जुड़े नहीं हैं। सूत्र ने बताया, 'आमिर को स्टार्ट-अप की दुनिया बहुत पसंद है और वह अशनीर ग्रोवर की बायोपिक के जरिए इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए उत्सुक थे।



# द स्कैम- लीक्ड का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** पूरे देश में जब मेडिकल के पेपर लीक का मुद्दा गरमाया हुआ है। छात्र सड़कों पर आंदोलन करने उतरे हैं। तब बुधवार को वेब सीरीज 'द स्कैम-लीक्ड' का टीजर जारी हुआ है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। सीरीज का विषय मेडिकल पेपर लीक विषय से मिलता हुआ है। ट्रेलर के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक पेपर। लाखों सपने। एक लीक। देश हैरान'। जी5 ने टीजर जारी किया है। इसमें दिखाया जा सकता है कि परीक्षा से ठीक पहले गोदाम से पेपर लीक हो रहे हैं। कारखाने में परीक्षा के पर्चों की छपाई हो रही है। इसी बीच पेपर लीक कर दिया जाता है। इसे कैसे अंजाम दिया गया, इसकी एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद सीधे समाचारों में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती है कि नीट का पेपर लीक हो गया है।

## टीवी मसाला



# सैराब को मिल गया नया ईशान? आशय कर सकते हैं रोहित को रिप्लेस

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो 'सैराब' इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसकी वजह शो के लीड एक्टर रोहित चंदेल हैं। रोहित पर एक नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगा है। इसी मामले में उन्हें 10 जुलाई से न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इसका असर शो की शूटिंग पर भी पड़ा है। हालांकि, मेकर्स ने कहानी को आगे बढ़ाने के लिए ईशान के किरदार को कुछ समय तक किडनैपिंग ट्रैक के जरिए संभाला। अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने रोहित चंदेल की जगह नए चेहरे को लाने का फैसला किया है। सास बहू साजिश की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीवी के पॉपुलर एक्टर आशय मिश्रा शो में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। वो जल्द ही रोहित चंदेल को रिप्लेस कर सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। रोहित चंदेल की गिरफ्तारी के बाद से ही उनके रिप्लेसमेंट को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं. शुरुआत में माना जा रहा था कि अगर उन्हें जमानत मिल जाती है तो वो शो में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, जमानत नहीं मिलने के बाद मेकर्स ने नए चेहरे के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब आशय मिश्रा सीरियल 'सैराब' में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले एपिसोड्स में इस बदलाव से पर्दा उठ जाएगा। रोहित चंदेल के रिप्लेस होने की खबर से उनके फैंस काफी निराश हैं।

## अलिफ लैला का 'जिन्न' रेसलिंग करते हुए बना एक्टर

**नई दिल्ली।** साल 1993 में रामानंद सागर के एक और शो ने छोटे पर्दे पर खूब धूम मचाई थी। शो का नाम था 'अलिफ लैला'। इस शो में 'जिन्न' के किरदार को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। 'अरेबियन नाइट्स' की प्रसिद्ध कहानियों पर आधारित 'अलिफ लैला' में सीमा कंवल, शाहनवाज प्रधान, पिंकी पारिख, गिरजा शंकर और दामिनी कंवल शेट्टी जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। रामानंद सागर के निर्देशन में बने 'अलिफ लैला' के वैसे तो सभी किरदारों को दर्शकों का प्यार मिला, लेकिन जिसे सबसे ज्यादा याद रखा गया, वह था 'जिन्न'। इस आइकॉनिक किरदार को पहलवान से अभिनेता बने दयाल सिंह कश्यप ने निभाया था। दयाल सिंह कश्यप मूल रूप से हरियाणा के करनाल के रहने वाले हैं। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले वे एक पेशेवर रेसलर थे। जिस दौरान वे रेसलिंग कर रहे थे, उसी समय किसी ने उन्हें बताया कि रामानंद सागर अपने नए शो 'अलिफ लैला' के लिए ऑडिशन ले रहे हैं। यह सुनते ही दयाल तुरंत ऑडिशन देने पहुंच गए। वहां निर्देशक रामानंद सागर ने उनकी आवाज और भारी-भरकम बॉडी देखते ही उनको सिलेक्ट कर लिया।



# किस्मत वाली हूं, आज तक मेरे साथ गलत बर्ताव नहीं हुआ : सुनिधि

**मुंबई।** सुनिधि चौहान बॉलीवुड की सबसे चर्चित गायिकाओं में से एक हैं। गायिकी के अलावा वह कई सिंगिंग रियलिटी शोज को भी जज कर चुकी हैं। उनके फैंस जानना चाहते हैं कि उन्होंने शोज को जज करना क्यों छोड़ दिया है? इस पर गायिका ने बात की है। सुनिधि चौहान ने शेखर टुनाइट शो में रियलिटी शोज को छोड़ने को लेकर कहा 'मैं बहुत लंबे समय तक इसका हिस्सा रही। लेकिन, फिर मैंने इसे छोड़ दिया, क्योंकि मुझे लगा कि यह मेरी जगह नहीं है।' उन्होंने कहा यह बहुत दुखद बात है। पहले, ऑटो-ट्यून या मेलोडाइन का इस्तेमाल गानों में किसी खास इफेक्ट के लिए किया जाता था। लेकिन, आप ऐसा रियलिटी शो में नहीं कर सकते, जहां आपको पूरी तरह से असली और ईमानदार होना चाहिए। मुझे लग गया कि यह कहीं और जा रहा है, जिसका हिस्सा मैं नहीं बन सकती।' बातचीत इस ओर भी बढ़ी कि लाइव परफॉर्मेंस के दौरान सिंगर्स को कभी-कभी किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शेखर ने केके और सोनू निगम जैसे आर्टिस्ट्स से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया और सुनिधि से पूछा कि क्या उन्हें कभी स्टेज पर अपमानजनक या असहज व्यवहार का सामना करना पड़ा है। इस पर सुनिधि ने कहा 'मैं बहुत किस्मत वाली हूं क्योंकि आज तक मेरे साथ ऐसा बर्ताव नहीं हुआ है। लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है।.. सिर्फ प्यार ही नहीं, बल्कि सम्मान भी दिया है।'



# ओह माय डॉग में दिखेगा इंसान और डॉग का अनोखा रिश्ता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओह माय डॉग' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर उन्होंने बताया कि ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इंसान और डॉग के बीच के प्यार और भरोसे की कहानी है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज त्रिपाठी ने बताया कि जब डायरेक्टर अमित राय उनके पास इस फिल्म की कहानी लेकर आए तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी।

***कहानी सुनते ही फिल्म के लिए कर दी हां :*** एक्टर ने कहा, 'मैंने इससे पहले अमित राय के साथ फिल्म 'ओह माय गॉड 2' में काम किया था। जब अमित ने 'ओह माय डॉग' की कहानी सुनाई तो मुझे ये बेहद खास लगी। मैंने अमित से कहा कि मैं फिल्म करूंगा, चाहे मेरा किरदार कुछ भी हो. इंसान और डॉगी के बीच का रिश्ता बहुत अनोखा होता है। एक पालतू



जानवर अपने मालिक से बिना किसी शर्त के प्यार करता है। वे सिर्फ साथ नहीं देता, बल्कि परिवार का हिस्सा बन जाता है। ये इसी खूबसूरत भावना को दिखाने वाली फिल्म है।'

### डॉग का प्यार होता है बिना किसी शर्त के

डायरेक्टर अमित राय ने भी ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म की कहानी को लेकर अपनी सोच शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरा उद्देश्य ऐसी कहानी बनाना था, जिससे हर परिवार जुड़ सके. बच्चे और डॉग्स के बीच की दोस्ती दुनिया के सबसे साफ और प्यारे रिश्तों में से एक होती है। इस फिल्म के जरिए मैं दर्शकों को हंसाना भी चाहता हूं और इमोशनल भी करना चाहता हूं. मुझे उम्मीद है कि फिल्म देखने के बाद लोगों के मन में जानवरों के प्रति ज्यादा प्यार और संवेदनशीलता पैदा होगी।'

### एक बच्चे और डॉग की खास दोस्ती की कहानी

ओह माय डॉग' की कहानी एक छोटे बच्चे और एक डॉग के बीच बनने वाली खास दोस्ती पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे एक जानवर और इंसान के बीच का रिश्ता जिंदगी को बदल सकता है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी के अलावा माही राय, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा और विजय मिश्रा जैसे कलाकार नजर आएंगे. फिल्म में ऑस्कर और ब्रूनो नाम के डॉग्स भी अहम किरदार निभा रहे हैं। खास बात ये है कि फिल्म में 250 से ज्यादा डॉग्स को शामिल किया गया है। फिल्म का निर्माण अमित राय, राजेश भारद्वाज और सना वारसी ने किया है। इसे बाबूलाल बाइस्कोप और थिंकिंग हैट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## आज भी कास्ट माना जाता है 68 साल पुराना यह गाना

# लता का वो देहाती गाना, जो वैजयंती माला के लिए बना था वरदान

### मधुमती का गाना

40 के दशक के बाद ही लता मंगेशकर ने गायिकी की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे वह सिनेमा जगत की सबसे चर्चित गायिका बन गईं। पुराने जमाने की लगभग हर दूसरी मूवी के गानों में फीमेल प्लेबैक सिंगर के तौर पर लता दी की आवाज सुनने को मिल जाती थी। ऐसा ही नजारा कुछ साल 1958 में आई अभिनेता दिलीप कुमार और वैजयंती माला स्टारर फिल्म मधुमती में देखने को मिला था। ये फिल्म अपने समय की लोकप्रिय मूवीज में से एक रही और इसको सबसे अधिक लोकप्रियता लता मंगेशकर की आवाज में मौजूद देहाती किस्म के गाने चढ़ गयो पापी बिछुआ... द्वारा मिली थी।

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय गायिका रहीं लता मंगेशकर को भला कौन नहीं जानता। अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को दिलों को सुकून पहुंचाने वाली लता दीदी के गाने आज भी अमर है। इस आधार पर आज हम आपको उनके एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें देहाती भाषा का इस्तेमाल किया गया था। 68 साल पुराना वह गाना वेटरन एक्ट्रेस वैजयंती माला के लिए वरदान बना था और आज भी उसे कल्ट माना जाता है।*



### बदल दी थी वैजयंती माला की किस्मत

फिल्म मधुमती और उसका चढ़ गयो पापी बिछुआ गाना सही मायनों में अभिनेत्री वैजयंती माला के लिए काफी लकी रहा। कहा जाता है कि इस गाने में अपने डांस के दम पर उन्होंने हर किसी को प्रभावित किया। इसके साथ ही इस मूवी और गीत ने इंडस्ट्री में उन्हें एक वर्सेटाइल एक्ट्रेस के तौर पर स्थापित किया।

### पारंपरिक संगीत की धुनों का किया गया प्रयोग

इस सॉन्ग का मूल स्वभाव और संगीत पूरी तरह से ग्रामीण पृष्ठभूमि से नाता रखता है। साथ ही इसमें पारंपरिक संगीत की धुनों का प्रयोग किया गया। इतना ही नहीं असमिया लोक संगीत तालमेल इसमें साफ नजर आता है। इस तरह से लता मंगेशकर का देहाती गाना चढ़ गयो पापी बिछुआ... काफी चर्चा में रहा। आज भी रिलीज के 68 साल बाद भी इसे संगीत की दुनिया में काफी चर्चित माना जाता है। इस गीत के संगीतकार सलिल चौधरी थे और मशहूर गीतकार शैलेंद्र ने आम बोलचाल की भाषा को मद्देनजर रखते हुए इसके लिरिक्स को लिखा था।

## खबर संक्षेप



### पीएम की मां के विरूद्ध गलत टिप्पणी पर हुई एफआईआर

**अम्बिकापुर।** भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाना पहुंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर गाली देने के मामले में शरद सिन्हा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंप प्राथमिकी दर्ज कराया। शरद सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री की दिवंगत माँ को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक तौर पर गाली देना आरोपी की मानसिकता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर विकास सिन्हा नाम के व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का कृत्य सार्वजनिक रूप से किया गया है जिसके खिलाफ युवा मोर्चा द्वारा आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया गया है एवं कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान मनोज सोनी, मयंक जायसवाल, वेदांत तिवारी, अंशुल श्रीवास्तव, दीपक यादव, वीर सोनी, अंकित तिर्की, प्रिंस चौबे, रोहित कुशवाहा, विष्णुदेव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### बाड़ी की जोताई को लेकर विवाद, टांगी-डंडे से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्राम बुढाबगीचा में बाड़ी की जुताई को लेकर हुए विवाद तथा टांगी-डंडे से हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। घटना में एक व्यक्ति के सिर पर टांगी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस के मुताबिक प्रवीण रावत ने 22 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 6.30 बजे ट्रैक्टर से बाड़ी की जुताई कर रहा था। इसी दौरान उसकी मौसी कमलपति सार्थी ने जुताई करने से मना किया। बात बढ़ने पर कुछ देर बाद सुख सागर उर्फ कमाडो सार्थी, कुरलू उर्फ रमेश सार्थी तथा कमलपति सार्थी एकजुट होकर डंडा और टांगी लेकर पहुंचे और पिता देवराज, माता श्यामपति और भाइयों राम व अनुराग के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। हमले में देवराज के सिर पर टांगी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा साक्ष्यों और आरोपियों के कथनों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी और डंडा भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### प्राथमिक शाला लाइनपारा में कराया गया न्योता भोज



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर के प्राथमिक शाला लाइनपारा में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के साथ-साथ माध्यमिक शाला लाइनपारा दुर्गापुर के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था। न्योता भोज में विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। संकुल प्राचार्य ओमप्रकाश तिवारी, माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका अंजना एक्का, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका कमली बाई, संकुल समन्वयक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत दुर्गापुर के सरपंच सीखना राम, पंचगण एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक सुदीप तिर्की, अमनदीप मिंज, संतोष कुमार यादव, कमली बाई, मधुमीता घोष, मनोज एक्का सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सक्रिय रहे।

## आधा दर्जन मकानों को हुई क्षति

# लगातार मूसलाधार बारिश में एफसीआई गोदाम की दीवार का बड़ा हिस्सा गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- बड़ी दुर्घटना टली, हो सकता था हादसा

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम परिसर की बाउंड्री वाल का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में दीवार से सटे करीब आधा दर्जन मकानों को क्षति पहुंची है, जबकि एफसीआई परिसर का बारिश का पानी तेज बहाव के साथ लोगों के घरों में घुस गया, जिससे रातभर प्रभावित परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना के बाद मंगलवार सुबह प्रभावित परिवारों ने मुआवजे की मांग को लेकर एफसीआई कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, तहसीलदार लटोरी चंद्रशिला जायसवाल, नायब तहसीलदार पिलखा मीना सिंह, पटवारी राजेश साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर शासन स्तर पर राहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



गोदाम की क्षतिग्रस्त दीवार।

### बिना कॉलम व पिलर का सपोर्ट दिए पुरानी दीवार के ऊपर ईंट जोड़कर बढ़ाई गई थी ऊंचाई

स्थानीय लोगों के अनुसार कोविड काल में केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू किए जाने के बाद बिश्रामपुर स्थित एफसीआई गोदाम को पुनः सक्रिय किया गया था। इसी दौरान परिसर में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य कराए गए। बताया जा रहा है कि वर्षों पुरानी बाउंड्री वाल के ऊपर अतिरिक्त ईंटों की जुड़ाई कर उसकी ऊंचाई बढ़ा दी गई थी, लेकिन इसके लिए पर्याप्त कॉलम और सपोर्ट नहीं दिए गए। इधर बाउंड्री वाल के किनारे बनी नाली की नियमित सफाई नहीं होने तथा परिसर में मिट्टी भराव किए जाने के कारण बारिश का पानी निकासी नहीं हो सका। देर रात तेज बारिश के दौरान नाली जाम होने से पानी का दबाव बढ़ा और दीवार का बड़ा हिस्सा ढह गया।

### आरबीसी 6-4 के तहत मिलेगी मुआवजा सहायता राशि

प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी सूरजपुर कलेक्टर को भेज दी है। प्रभावित परिवारों को आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने का आश्वासन दिया है।इस दौरान मौके पर जिला पंचायत सदस्य कुलेश्वरी कुर्रे के प्रतिनिधि लखन लाल कुर्रे,सरपंच प्रतिनिधि संजू सिंह उपसरपंच मोहम्मद सज्जाद सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले व वार्ड के लोग उपस्थित थे।

### घरों में घुसा पानी, सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त

दीवार गिरते ही उसके समीप बने मकान इसकी चपेट में आ गए। भारी भरकम मलबे से कई घरों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं एफसीआई परिसर का जमा पानी सीधे घरों में घुस गया। प्रभावित परिवारों में महबूब, शंकर प्रसाद गुप्ता, बालिका देवी, मनोज, साबरा बेगम, विनोद रवि और रईसुन निशा के नाम शामिल हैं। घटना की सूचना पर एसडीएम सूरजपुर के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला घटना स्थल पहुंच पूरी स्थिति देखी। मौके पर निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवानी जायसवाल ने एफसीआई प्रबंधन को गिरी हुई दीवार का मलबा तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही पटवारी को नुकसान का प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर कार्यालय भेजने तथा पुरानी दीवार के ऊपर बिना पर्याप्त सपोर्ट के ऊंचाई बढ़ाने के मामले की जांच कराने की बात कही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक तौर पर पाया कि दीवार की ऊंचाई नियमों के विपरीत तरीके से बढ़ाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन के समय हुआ होता तो बड़ी जनहानि भी हो सकती थी।

## भरतपुर छात्रावास अधीक्षक की पदस्थापना पर बवाल



**जनकपुर।** जिले भरतपुर के बालक छात्रावासों में अधीक्षकों की हालिया पदस्थापना को लेकर विवाद गहरा गया है। जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि स्थायी समिति की सभापति सुखमंती सिंह ने नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए सहायक आयुक्त कार्यालय और विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर पदस्थापनाओं को निरस्त करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि सात दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। सुखमंती सिंह का आरोप है कि छात्रावास अधीक्षक जैसे संवेदनशील पद पर नियुक्ति करते समय नियमों की अनदेखी की गई। उनका कहना है कि स्थानीय और योग्य शिक्षकों को प्राथमिकता देने के बजाय दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षकों को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया। कई अधीक्षक ऐसे हैं जिनकी पदस्थापना छात्रावास से 50 से 80 किलोमीटर दूर है, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और रात्रि प्रवास प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नियुक्ति प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों और पालकों की राय नहीं ली गई तथा सिफारिश के आधार पर पदस्थापनाएं की गईं। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि अधीक्षकों की अनुपस्थिति से छात्रावासों में भोजन, पेयजल, सुरक्षा, रात्रि निगरानी और विद्यार्थियों की पढ़ाई जैसी व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उनका कहना है कि यह मामला आदिवासी एवं गरीब विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है, इसलिए पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सचितानंद साहू ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि छात्रावास अधीक्षकों का अतिरिक्त प्रभार कलेक्टर और सहायक आयुक्त के स्तर से दिया गया है। उनके अनुसार, सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से विकासखंड शिक्षा कार्यालय से किसी प्रकार का प्रस्ताव या अनुशंसा नहीं मांगी गई और न ही उनके कार्यालय से कोई नाम भेजा गया।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

**सूरजपुर।** देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक कांड,बदहाल शिक्षा व्यवस्था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्र-छात्राओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में आज एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि युवाओं एवं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। साथ ही लाठी के दम पर छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। देश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नीट सहित अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर बार-बार लीक हो रहे हैं जिससे सालों तक कड़ी मेहनत करने वाले लाखों होनहार छात्रों का भविष्य अंधकार में डूब गया है। छात्र अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहा था तब केंद्र सरकार ने संवाद कायम करने के बजाय पुलिस के बल पर उन पर लाठियां बरसाईं। एनएसयूआई ने मांग किया कि देश की सभी राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच हो तथा पेपर लीक माफियाओं पर गैर-जमानती धाराओं के तहत तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान मनोज डालमिया, जफर हैदर, विष्णु कसेरा,नीरज तायल,नैतिक अग्रवाल,अनुराग डालमिया,लक्ष्मण राजवाड़े,सैयद नदीम, कौनेन अंसारी, राजेश साहू, रूद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, युवध सिंह, हिमाचल राजवाड़े, अफरोज अंसारी, अमित पैकरा, सिकन्दर अली, यश साहू, कबीर देवांगन, शिव राजवाड़े, अफरोज खान, सुमंत राजवाड़े, आशीष कुशवाहा, समीर सोनी, भानु, विवेक सिंह, जितेन्द्र, कृष्णा सिंह, रमेश साहू, सुरेंद्र राजवाड़े, सम्मेद सिंह, देवनाथ सिंह, सुंदर सिंह, सैयद याशीर, शादाब खान, देव सिंह, आलोक, कमलकांत साहू, आशीष साहू, नितेश सिंह, अमन खान, आलोक साहू, अंकित जायसवाल, समीर सिंह, दुर्गेश उपाध्याय, कन्हैया साहू, गोलू देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रदर्शन में शामिल होने मित्र के साथ जंतर मंतर जा रहे बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- दुर्घटना में एक युवक की गई जान दूसरे की हालत गंभीर

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं एवं पेपर लीक समेत केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने साथी के साथ प्रदर्शन में शामिल होने बाइक से दिल्ली जा रहा था तभी उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ में सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना के बाद यूपी सरकार की मदद से एम्बुलेंस युवक



का शव लेकर उसके गृहग्राम पहुँची। जहां बड़े गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी अनुसार शनिवार की रात 9 बजे ग्राम आरा मिट्ठुपारा निवासी दीपक सिंह कुसरो (26 वर्ष) अपने साथी पत्थलगांव भाथुडांड़ निवासी सूरजभान कुसरो आ. सुदेशन कुसरो के साथ बाइक से दिल्ली जाने निकले थे। दिल्ली पहुंचने के बाद दोनों जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले चल रहे नीट परीक्षा में अनियमितता एवं पेपर लीक समेत शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले थे। इसी बीच सोमवार की सुबह करीब अलीगढ़ में अज्ञात कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा युवक दीपक का सिर डिवाइडर से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक चला रहे युवक को भी मामूली चोट आई। घायलों को तत्काल अलीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान घायल दीपक की मौत हो गई।

## देहदान संकल्पी समाजसेवी गणेश दास को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**बैकुण्ठपुर।** प्रख्यात समाजसेवी, रामायण के प्रख्यात टीकाकार एवं देहदान संकल्पी गणेश दास मानिकपुरी का बुधवार प्रातः आकस्मिक निधन उनके निवास दोन्दे खुर्द रायपुर में हो गया। बुधवार को उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार, साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक पहुंचे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। प्रदेश के सभी 33 जिलों में पदस्थ जनसंपर्क अधिकारियों सहित अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, aपत्रकारों, साहित्यकारों तथा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक संदेश जारी कर उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए। गणेश दास मानिकपुरी अपनी स्पष्टवादिता, निर्भिक व्यक्तित्व, सादगीपूर्ण जीवन और सामाजिक सरोकारों के प्रति आजीवन समर्पण के लिए व्यापक रूप से सम्मानित थे। रामायण के प्रख्यात टीकाकार के रूप में उन्होंने धार्मिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके विचारों और सामाजिक सक्रियता ने अनेक लोगों को सकारात्मक दिशा प्रदान की। मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण उनके जीवन के अंतिम निर्णय में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।



- मेडिकल कॉलेज रायपुर को दान की गई पार्थिव देह

उन्होंने अपने जीवनकाल में ही पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज), रायपुर को अपनी पार्थिव देह दान करने का संकल्प लिया था तथा इसके लिए विधिवत सहमति-पत्र भी भर रखा था। उनके निधन के उपरांत परिजन ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए पार्थिव देह मेडिकल कॉलेज को दान कर दी। उनके इस अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी निर्णय की उपस्थित सभी लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की। श्रद्धांजलि सभा में वक्त्साओं ने कहा कि गणेश दास मानिकपुरी ने अपने जीवन में समाजसेवा की जो मिसाल कायम की, उसे उन्होंने मृत्यु के पश्चात भी देहदान के माध्यम से सार्थक किया। उनका यह निर्णय मानवता की सेवा का अमिट संदेश है और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

## छत्तीसगढ़ राज्य होम्योपैथी परिषद का पुनर्गठन

- मनेंद्रगढ़ की डॉ. रश्मि बनीं परिषद सदस्य

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग ने छत्तीसगढ़ होम्योपैथी परिषद का पुनर्गठन करते हुए 10 सदस्यीय नई परिषद के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। 22 जुलाई 2026 को जारी इस आदेश के तहत प्रदेश के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सकों, शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों को परिषद में शामिल किया गया है। परिषद के गठन के साथ ही प्रदेश में होम्योपैथी चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सकीय सेवाओं तथा परिषद के विभिन्न प्रशासनिक एवं नियामक कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नई परिषद में एमसीबी जिले के लिए भी गौरव का अवसर है। राजलक्ष्मी होम्योपैथिक क्लीनिक, मनेन्द्रगढ़ की संचालिका डॉ. रश्मि सोनकर को परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले के चिकित्सकों और होम्योपैथी से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। डॉ. सोनकर लंबे समय से क्षेत्र में होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही हैं, और सामाजिक सरोकारों से भी सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं।

## घुनघुट्टा बांध लबालब, विभाग कभी भी खोल सकता है गेट

अम्बिकापुर। बीती रात हुई भारी बारिश से श्याम घुनघुट्टा सिंचाई बांध लबालब होने की स्थिति में पहुंच गया है। बांध में 85 फीसदी पानी भरने के कारण कभी भी गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। मंगलवार को श्याम घुनघुट्टा बांध में 65 फीसदी पानी भरा था तथा अधिकारी एक सप्ताह में बांध में क्षमता के अनुसार पानी भरने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। बीती रात ही बारिश के बाद बांध में 85 फीसदी पानी भर गया है। अब बारिश होने पर बांध में 90 फीसदी पानी भरने पर कभी भी गेट को खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा अमेरा खदान प्रबंधक एवं



बिश्रामपुर एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय सहित आसपास के ग्राम पंचायतों सहित अन्य संबंधित विभागों को सूचना दी गई है। गेट खोलने पर नदी का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बांध का जलस्तर को नियंत्रित रखने की दृष्टि से विभाग भारी बारिश होने पर गेट खोल देता है जिससे नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है।

# बिश्रामपुर रेलवे कोल साइडिंग से कोयला डिस्पैच शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विगत 8 वर्षों से बंद पड़ी बिश्रामपुर रेलवे साइडिंग में फिर से रौनक लौटी है।करीब 41 करोड़ की लागत से कोल साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य पश्चात पिछले दिनों रेल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर इसके संचालन की अनुमति प्रदान कर देने के बाद मंगलवार को रेलवे ने यहां पर कोयला लोडिंग के लिए रैक सप्लाई कर दी है जिसके बाद क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने साइडिंग में पूजा अर्चना कर रैक लोडिंग का कार्य आरंभ कराया है।

बताया गया कि मध्यप्रदेश इटारसी के खरगोन सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के लिए 58 बोगी वाली रैक सप्लाई की गई है जिसमें माइनस 100 एमएम साइज की जी 6,जी 7 व जी 8 ग्रेड का कोयला रैक से डिस्पैच कर दिया गया।वर्तमान में साइडिंग में अमेरा आमगांव,केतकी और गायत्री खदान का कोयला यहां खदानों से ट्रकों के माध्यम से साइडिंग तक पहुंचाया जा रहा है,बिश्रामपुर क्षेत्र में रेलवे रैक के जरिए कोयला डिस्पैच शुरू होने से खदानों में कोयला स्टॉक में कमी आने के साथ सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल कोल डिस्पैच होगा साथ ही सड़कों पर कोल परिवहन का दबाव कम होगा।

### नवीन कोल साइडिंग में 850 मीटर का लंबा प्लेटफार्म

41 करोड़ की लागत से रेलवे साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य में साइडिंग को पूरी तरह से आधुनिक बनाया गया है,इसमें 850 मीटर लंबा प्लेटफार्म बनाया गया है,साथ ही दो नई लाइन बिछाई गई है जिसमें दोनों छोरों से एक साथ लोडिंग की व्यवस्था बनाई गई है,ताकि तीव्र गति से कोयला परिवहन रेल के जरिए कराई जा सके,साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य से सबसे बड़ा फायदा खदानों में कोयले के उठाव नहीं होने से अधिक भंडारण से आग लगने कोयला चोरी पर काफी हद तक अंकुश लगने की संभावना है, साइडिंग से लोडिंग का कार्य शुरू होने के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह ,एरिया सेल्स ऑफिसर जी किशोर,चरणजीत सिंह सहित क्षेत्रीय अधिकारी साइडिंग का अमला इस दौरान उपस्थित था।

TOP IN KORIYA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में लगातार संवेदनशील पहल की जा रही है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतक के आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (क) (1) के अंतर्गत तहसील केल्हारी के ग्राम मुटुकपुर निवासी राजकुमार की पानी में डूबने से हुई मृत्यु के उपरांत उनके वैधानिक वारिस मान सिंह के पक्ष में 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 5 दिनों में लंबित मजदूरी का भुगतान

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से श्रमिक की शिकायत का त्वरित निराकरण करते हुए श्रम विभाग ने लंबित मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित कराया। इससे एक श्रमिक को समय पर भुगतान मिलने के साथ उसकी आर्थिक समस्या का समाधान हुआ। ग्राम बचरा, विकासखंड बैकुण्ठपुर निवासी गोविन्द कुमार ने नियोक्ता गुलाम कादरी के अधीन पुट्ठी लगाने का कार्य किया था। कार्य पूर्ण होने के बावजूद उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। इस पर उन्होंने 17 जून 2026 को अपनी समस्या के समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने पर श्रम विभाग ने तत्काल प्रकरण का संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया। इसके पश्चात नियोक्ता द्वारा श्रमिक को 26,500 की लंबित मजदूरी का भुगतान किया गया। शिकायत दर्ज होने के मात्र 5 दिनों के भीतर श्रमिक को उसकी पूरी मजदूरी प्राप्त हो गई।

### सशिमं पटना के विद्यार्थियों ने जाना यातायात नियम



**पटना।** राज्य सरकार के मंशानुरूप विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान किया जाना है जिसके तहत कलेक्टर रोक्तिमा यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देशानुसार,यातायात पुलिस जागरूकता अभियान को लेकर गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना के छात्रों को हवलदार डॉक्टर महेश मिश्रा द्वारा यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। नाबालिग छात्रों को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई छात्रों व विद्यालयीन स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया, छात्राओं को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया।

## निधन

### रामविश्वास सोनी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के झगराखांड रोड निवासी एवं प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त रामविश्वास सोनी (दद्दू सोनी) का बुधवार प्रातः निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, समाज एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत स्व. सोनी की अंतिम यात्रा बुधवार दोपहर 3 बजे उनके झगराखांड रोड स्थित निज निवास से निकली। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में परिजन, रिश्तेदार, मित्रगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



# जिला मुख्यालय, कोयला क्षेत्र में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर ग्रामीण ने जिला मुख्यालय समेत चरचा, पटना में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। शहर में राजीव भवन से कुमार चौक तक पैदल मार्च निकालकर कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा धरना देकर विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, सुरेंद्र तिवारी, प्रवीर भट्टाचार्य, ब्लॉक अध्यक्ष अशीष यादव, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, संगीता राजवाड़े, आशीष डबरे, विकास श्रीवास्तव, अनिल जयसवाल, दीपक गुप्ता, गणेश राजवाड़े, अनिल सिंह, राम सजीला यादव, धीरज शिवहरे, संजोती मरकाम, ललिता सिंह, मनजिंदर कौर, राम कृष्ण साहू, रामाधार टोप्पो, सौरभ गुप्ता, अंकित गुप्ता, संतोष गोयन, अजीमुल्ला खान, ईश्वर सिंह, अमित, मीनू मांझी, विजय विनोद शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

**बैकुंठपुर, चरचा, पटना में धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध**




### पटना नगर पंचायत में एकदिवसीय धरना

पटना। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर ग्रामीण द्वारा नगर पंचायत पटना में एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा सरकार छात्रों के भविष्य की रक्षा करने के बजाय उनकी आवाज उठाने वालों को दबाने का प्रयास कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस ने छात्रों के हितों की रक्षा, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की मांग करते हुए अपना आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया।



### शिवपुर-चरचा में एकदिवसीय धरना



चरचा कॉलरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवपुर-चरचा शहर द्वारा एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। भाजपा सरकार छात्रों के भविष्य की रक्षा करने के बजाय विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस ने छात्रों के हितों की रक्षा तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की मांग करते हुए अपना आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, हेमसागर यादव, अजय सिंह, लालमुनि यादव, आशीष यादव, शैलेन्द्र सिंह, भूपेंद्र यादव, सुरेंद्र तिवारी, दीपक गुप्ता, अर्पित गुप्ता, रामाधार टोप्पो, अनिल सिंह, जाग्रत कर्रे, जानू वसीम, सत्य नारायण मोदी, राजीव गुप्ता, विक्रांत सिंह एवं अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## नालियों में बह रहा सेप्टिक टैंक का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

नगर पंचायत जनकपुर के रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड 14 एवं वार्ड नं. 02 में जल निकासी और सफाई व्यवस्था की बदहाली ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वार्ड के कई हिस्सों में सेप्टिक टैंकों का गंदा पानी खुले में नालियों और गलियों में बह रहा है, एवं जमा हो रहा है जिससे पूरे इलाके में बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। मच्छर पैदा हो रहे हैं स्थिति यह है कि सड़कों और गलियों में बह रहे गंदे पानी एवं गड्ढों में जल भराव के कारण लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। वहीं खुले में बहुत गंदे पानी और आसपास फैले कचरे के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ जगहों पर जानकारी के अभाव या लापरवाही के कारण लोग अपने घरों का कचरा, पैंपर्स और नैपकिन भी खुले स्थानों पर फेंक देते हैं, जिससे नालियां जाम हो जाती हैं और गंदगी और बढ़ जाती है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के पूर्व सीएमओ और वार्ड पार्षद ने कुछ समय पहले वार्ड का निरीक्षण किया था। उस दौरान जल निकासी की समस्या को स्वीकार करते हुए सीएमओ ने कहा था कि इसके लिए इस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है और इंजीनियर के निरीक्षण के बाद जल्द काम शुरू कराया जाएगा। लेकिन स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस आश्वासन को कई महीने बीत चुके हैं, फिर भी न तो इंजीनियर का निरीक्षण हुआ और न ही जल निकासी सुधारने के लिए कोई काम शुरू किया गया। वार्ड के कई स्थानों पर सेप्टिक टैंक का गंदा पानी सीधे सड़कों और गलियों में बह रहा है। इससे राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। कई जगहों पर नालियां जाम हैं और कचरा जमा होने से हालात और भी बदतर हो गए हैं।

**बीमारी फैलने का बढ़ा खतरा-** स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार खुले नालों और गंदे पानी से कई प्रकार के संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है। गंदगी और पानी के जमाव से मच्छर तेजी से पनपते हैं, जिससे मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। देश के कई शहरों में ऐसे हालात के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ने और लोगों के बीमार पड़ने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।



सड़क में बह रहा गंदा पानी।

### बालिकाओं के लिए शौचालय की स्वीकृति प्रक्रिया शुरू

**बैकुण्ठपुर।** विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एंव आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत पंचायतों के समेकित विकास के लिए कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति का क्रम आरंभ हो गया है। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने गत दिवस जिले मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए थे। उन्होने वीबी जीरामजी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं के विद्यालय तथा आवासीय परिसरों में सुव्यवस्थित शौचालय बनाए जाने के निर्देश दिए थे। जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होने कहा कि शौचालयों के निर्माण से बालिकाओं के विद्यालय में बेहतर वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। बच्चियों को सुंदर, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण संसाधन उपलब्ध होने से वह सकारात्मक माहौल में अच्छे से अध्ययन कर सकेंगी। इस अनुक्रम मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने जनपद पंचायतों से चिन्हित कार्यस्थलों के तकनीकी प्रस्ताव मंगाकर उनकी प्रशासकीय स्वीकृति की आनलाइन प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

## महिलाओं की मजबूत आजीविका ग्राम विकास का मूल आधार

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सरगुजा संभाग के उपायुक्त आर के खूंटे गुरुवार को कोरिया जिले में निरीक्षण भ्रमण करने पंहुचे। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत सोनहत में विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया और महिलाओं की आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। बिहान से जुड़कर अलग अलग स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनती हुई महिलाओ से संवाद करने के बाद वह सोनहत स्थित जनपद पंचायत कार्यालय पंहुचे और कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज कुमार जगत, कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वनांचल सोनहत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत घुघरा में जिला प्रशासन कोरिया द्वारा जंगल कैफे बनाया गया है। इस जंगल कैफे का संचालन बिहान योजना अंतर्गत जय मां संतोषी स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त सरगुजा खूंटे ने महिलाओ से संवाद करते हुए उनके आय व्यय की जानकारी प्राप्त की। प्रतिदिन दो हजार रुपए से ज्यादा की नियमित आय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने स्वच्छता के साथ खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर हमेशा ध्यान रखने के निर्देश दिए। अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान उपायुक्त खूंटे सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम सलगवांकला में स्थापित सामुदायिक प्रबंधकीय प्रशिक्षण केंद्र(सी एम टी सी) एवं छरउ (लाइवलीहुड सेवा केंद्र) सलगवांकला का निरीक्षण करने पंहुचे। यंहा उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा कर संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक महिला को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए कौशल उन्नयन करने की समझाइश दी। अपने निरीक्षण के लिए सामुदायिक प्रबंधकीय प्रशिक्षण केंद्र(सी एम टी सी) एवं छरउ (लाइवलीहुड सेवा केंद्र) सलगवांकला पंहुचे उपायुक्त खूंटे ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम एक फलदार पौधा लगाया। उ



## नव-निर्वाचित छात्र परिषद का अलंकरण समारोह



मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सम्मान में अलंकरण (इन्वेस्टीचर ) समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं भव्य वातावरण में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक व्यंकटेश सिंह एवं पूनम सिंह, प्राचार्य अश्वनी वर्मा, शिक्षकगण, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। विद्यालय के शिक्षक रत्नेश ओझा एवं दीपक यादव ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया. मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को विद्यालय के निदेशक व्यंकटेश सिंह, पूनम सिंह एवं प्राचार्य अश्वनी वर्मा तथा द्वारा बैज एवं सैश पहनाकर उनके पदों पर विधिवत अलंकृत किया गया तथा उन्हें नेतृत्व, अनुशासन, सेवा, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर हेड बॉय के रूप में माहिम यादव, हेड गर्ल के रूप में सौम्या अग्रवाल, वाइस हेड बॉय जसराज सिंह रैना तथा वाइस हेड गर्ल अनुष्का सिंह को विद्यालय के सर्वोच्च छात्र नेतृत्व का दायित्व सौंपा गया। स्पोर्ट्स कमेटी के कप्तान गौरव केवट एवं उपकप्तान शफाक सिराज, कल्चरल कमेटी की कप्तान इशाना शरीफ एवं उपकप्तान आयुषी गुप्ता को भी पदभार ग्रहण कराया गया। विद्यालय के चारों सदनों में भी नवीन नेतृत्व की घोषणा की गई। कलाम हाउस (रेड) के कप्तान आयान हुसैन एवं उपकप्तान आयुषी सिंह, टैगोर हाउस (ब्लू) के कप्तान ईशवीर सिंह रैना एवं उपकप्तान जिया कुरैशी, आर्यभट्ट हाउस (ग्रीन) के कप्तान आर्यव अग्रवाल एवं उपकप्तान अदिति शुक्ला, तथा एडिसन हाउस (येलो) के कप्तान आगम जैन एवं उपकप्तान श्रेयांशी जायसवाल को दायित्व सौंपा गया।

### ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कुशहा में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने के साथ-साथ फिशिंग, लॉटरी फ्रॉड, पहचान चोरी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें सुरक्षित डिजिटल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन और पासवर्ड साझा नहीं करने की सलाह दी गई। साथ ही इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स (ट्विटर) सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विरोध प्रदर्शनः बदहाल...

पास ग्राम पंचायत की तुलना में अधिक संसाधन और बजट होता है। लेकिन आज हालात इतने खराब हैं कि बस स्टैंड में उतरना तक मुश्किल हो गया है। इसी बदहाली को उजागर करने के लिए कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने प्रतीकात्मक रूप से धान की रोपाई कर विरोध दर्ज कराया है, ताकि सरकार और प्रशासन की नींद खुले। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकुर प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस लगातार पत्राचार, सोशल मीडिया और प्रत्यक्ष रूप से नगर पंचायत को बस स्टैंड की साफ-सफाई कराने की मांग करती रही, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि जब लगातार मांगों को अनसुना किया गया तो मजबूर होकर कांग्रेस को यह अनोखा प्रदर्शन करना पड़ा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही बस स्टैंड की सफाई, जलनिकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की गईं तो कांग्रेस नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करेगी और आम जनता को सुविधाएं दिलाने के लिए हर संवैधानिक आंदोलन करेगी। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि बस स्टैंड की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। कीचड़ और गंदगी से यात्रियों का चलना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है, क्योंकि बस स्टैंड के शौचालय बदहाल हैं और पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण उन्हें खुले में जाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। यह महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर विषय है।

### चिरमिरी वन परिक्षेत्र...

गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि भालू की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है, किसी दुर्घटना का शिकार हुआ है, या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।







